R.N.I. REGN. No. 69401/98

केन्द्र व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

डाक रजि० नं० UP/BR/GBD-219/2021-23

**राष्ट्रीय/लोकल पेपर में विज्ञापन दें**

राष्ट्रीय समाचार पत्र व स्थानीय में जीडीए, नगर निगम सूचना, खोया-पाया, सम्बंध विच्छेद, कोर्ट सूचना विवाह आदि के विज्ञापन देने के लिए सूचित करें।

9871202247, 8700943182

गाजियाबाद, व गौतमबुद्धनगर से एक साथ प्रकाशित तथा नई दिल्ली, लखनऊ, हापुड़, साहिबाबाद व नोएडा से सर्वाधिक प्रसारित

# सत्ता बन्धु

हिन्दी समाचार पत्र

e-mail: sattabandhu@gmail.com
www.sattabandhu.com



वर्ष : 28 अंक : 1 (साप्ताहिक) गाजियाबाद 7 से 13 जून, 2025 सम्पादक : मुकेश गुप्ता मूल्य : एक रूपया पृष्ठ : 4

## शॉर्टकट से नहीं, संघर्ष से मिलती है सफलता : योगी





**सत्ता बन्धु**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी अदित्यनाथ ने गुरुवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में एक मीडिया समूह द्वारा आयोजित मेधावी छात्र सम्मान समारोह में शिरकत की। इस अवसर पर यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के टॉप थ्री छात्र-छात्राओं को ई-स्कूटर, संस्कृत बोर्ड के टॉपर्स को मोबाइल फोन और विपन्न परिस्थितियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावियों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय यूपी में शासन करने वाली एक पार्टी ने नकल को जन्मसिद्ध अधिकार बना दिया था, जिसके कारण प्रदेश की छवि खराब हुई और युवाओं के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया था। उन्होंने बताया कि पिछले 8 वर्ष में नकल-मुक्त परीक्षाओं के जरिए यूपी की शिक्षा व्यवस्था को पारदर्शी बनाया गया है।


सीएम योगी ने कहा कि एक समय प्रदेश में कल्याण सिंह जी मुख्यमंत्री थे और राजनाथ सिंह जी शिक्षा मंत्री थे, इन्होंने नकल पर रोक लगाने का कठोर प्रयास किया था। तब एक पार्टी थी जिसने नकल को कराने की सार्वजनिक घोषणा की थी। नकल को जन्मसिद्ध अधिकार बताया था। इसका परिणाम ये हुआ कि यूपी के नौजवानों के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया। इससे पूरे यूपी को गुजरना पड़ा। जो यूपी आजादी के वक्त देश की अर्थव्यवस्था में बड़ा रोल अदा करता था उसे बीमारू राज्य घोषित कर दिया गया। लोग मानने लगे थे कि यूपी देश के विकास में एक बैरियर है। यूपी का नौजवान कहीं जाता था तो लोग उसे हेय दृष्टि से देखते थे। मगर, पिछले 10 साल में बदलते हुए भारत को आपने देखा है। मोदी जी के नेतृत्व में एक भारत श्रेष्ठ भारत का हम सब दर्शन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि शासन को सेवा बताते हुए कहा कि सरकार का मतलब मालिक या राजा नहीं, बल्कि आम जनमानस का सहभागी बताया।

सीएम योगी ने कहा कि जीवन में शॉर्टकट कभी स्थायी सफलता नहीं दिला सकता। उन्होंने बाराबंकी के एक छात्र का उदाहरण दिया, जिसने विपन्नता के बावजूद हाईस्कूल में प्रथम श्रेणी प्राप्त की और अपने गांव का पहला ऐसा बच्चा बना, जिसने हाईस्कूल की परीक्षा पास की। उन्होंने बच्चों को स्मार्टफोन के सीमित उपयोग की सलाह दी, ताकि यह उनकी आंखों और सोचने-समझने की शक्ति को प्रभावित न करे। उन्होंने कहा कि यह उपकरण ज्ञान प्राप्ति का माध्यम होना चाहिए, न कि बाधा।

कार्यक्रम में हाईस्कूल के प्रथम स्थान प्राप्त यश प्रताप सिंह, द्वितीय स्थान की आंशी और अभिषेक कुमार यादव, तृतीय स्थान की रितु गर्ग, अर्पित वर्मा और सिमरन गुप्ता को सम्मानित किया गया। इंटरमीडिएट में प्रथम स्थान की महक जायसवाल, द्वितीय स्थान की साक्षी, शिवानी सिंह, अनुष्का सिंह, आदर्श यादव और तृतीय स्थान की मोहिनी को मेडल, प्रशस्ति पत्र और ई-स्कूटर की चाबी दी गई।

## आवंटी अपनी मेल के माध्यम से भी हासिल कर सकेंगे आवंटन लेटर: अतुल वत्स

### नई व्यवस्था के बाद फर्जी आवंटन लेटर की सभावना होगी शून्य



**सत्ता बन्धु**

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष श्री अतुल वत्स के दिशा निर्देशन में आरभ की गई पहल पोर्टल के अर्तगत आवटी अब घर बैठे ई मेल के माध्यम से भी न केवल आवंटन पत्र हासिल कर सकेंगे, बल्कि अपनी प्रोपर्टी का म्यूटेशन लेटर भी प्राप्त कर सकेंगे । इस कड़ी में मंगलवार को एक आवंटी को उसकी मेल पर आवंटन पत्र उपलब्ध कराया गया। जो काफी हद तक कामयाब रहा। इसके लिए आवंटी को आवेदन के दौरान अपने मोबाइल नबर के साथ मेल का भी उल्लेख करना होगा। इसके लिए आवटी को केवल पोर्टल के लिक पर आवेदन करना होगा। चूंकि जो जीडीए के द्वारा आवंटन पत्र आदि जारी किया जाता है उस पर क्यू आरकोड होता है। प्राधिकरण की टीम व अन्य कोई भी जेनेरेटेड पत्र की प्रमाणिकता की भी जाँच कर सकता है कि आवंटन पत्र उसी अवंटि का है । इस व्यवस्था के बाद फर्जी आवंटन लेटर भी भविष्य में जारी नहीं कराया जा सकेगा, बल्कि आवटी के द्वारा घर बैठे ये भी जानकारी हासिल की जा सकेगी कि उनके द्वारा प्राधिकरण से जो भवन अथवा भूखंड आवटित कराया गया है उसके एवज में कितनी राशि बकाया है तथा किस डेट में इस राशि का भुगतान किया जाना है, बल्कि चालान के माध्यम से जो राशि जमा की जा सकती है, बल्कि उसकी स्थिति भी घर बैठे प्राप्त की जा सकेगी। जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने बताया कि नई व्यवस्था लागू करने का उददेश्य पारदर्शी व्यवस्था हो, ताकि आवटी को छोटे छोटे कामों के लिए अपने व्यस्त समय का सदुपयोग किया जा सके। नई व्यवस्था का आवटियों को बेहतर लाभप्राप्त हो इस दिशा में हर सभव कदम उठाए जा रहे है। प्राधिकरण के अपर सचिव प्रदीप कुमार सिह ने बताया कि अक्सर शिकायते रहती थी कि आवंटी को छोटे छोटे कार्य के लिए प्राधिकरण में एक सीट से दूसरी सीट पर भटकना पड़ता है अब पहल के माध्यम इन सभी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। पहल पोर्टल की समीक्षा व इसके बारे मे हर पटल पर बैठकर अपर सचिव व अन्य अधिकारियों द्वारा सभी कर्मचारियों से उसका फीडबैक लिया जा रहा है।

## तालाब के पास साफ-सफाई का रखा जाए विशेष ध्यान : अमित







**सत्ता बन्धु**

गाजियाबाद। जल शक्ति अभियान कैच द रेन को लेकर को लेकर निदेशक, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय/केन्द्रीय नोडल अधिकारी अमित राज ने बुधवार को विकास भवन सभागार में डी ब्रीफिंग बैठक की। केन्द्रीय नोडल अधिकारी ने जल शक्ति अभियान के को लेकर 9 से11 तक कुल 18 जल संरचना कार्यों का निरीक्षण किया। इसमें वन विभाग की 2 साईट उद्यान विभाग की 1, जल जीवन मिशन की 1 साईट, रूफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्थापना प्रणाली की 5 साईट, 6 तालाब एवं सीवेज ट्रीमेन्ट प्लान्ट शामिल थे।

अमित राज ने बताया कि जल निकायों का निर्माण ठीक प्रकार किया गया है, परन्तु तालाब के आस-पास कूड़ा कचड़ा आदि की सफाई की अति आवश्यकता है। जल निकायो में गाँवो का गन्दा पानी जाने से रोकने तथा उपचार के उपरान्त ही जल को निकाय में छोड़ा जाना चाहियें। कुछ तालाबों पर नालिया टूटी हुई पायी गयी।

मानसून से पहले सभी नालियों की मरम्मत करते हुये सफाई की जानी सुनिश्चित की जायें। अवशिष्ट जल को एसटीपी के माध्यम से तालाब से जोड़ा जाये। अधिकतर जल निकाय सूखे पड़े है, जिनको पानी से भरने के लिये आवश्यक कदम उठाये जाने चाहिये। रूफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्थापना प्रणाली की समय-समय पर मरम्मत की आवश्यकता है एवं जिन भवनों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्थापना प्रणाली स्थापित है, वहां समय-समय पर छत की समुचित सफाई की जानी चाहियें। इन्द्रापुरम स्थित 40 एमएलडी ट्रीटमेन्ट प्लान्ट बहुत अच्छा कार्य कर रहा है। उद्योगो को चाहिए वर्तमान उपभोग 12 एमएलडी बढ़ाकर पूरा 40 एमएलडी करें।

## संस्कृति और नैतिकता का पालन करें, तभी होगी सच्ची सफलता: मयंक गोयल



**सत्ता बन्धु**

गाजियाबाद। दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में कैबिनेट मंत्री उ0प्र0 सरकार सुनील कुमार शर्मा की मुख्य अतिथि की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट के मेधावी छात्र–छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

सम्मान समारोह के दौरान माननीय मुख्य मंत्री उ0प्र0 सरकार योगी आदित्यनाथ के कर कमलों द्वारा मेधावी छात्र–छात्राओं का सम्मान समारोह का सजीव प्रसारण भी देखा गया। इसके उपरान्त माननीय कैबिनेट मंत्री श्री सुनील कुमार द्वारा गाजियाबाद जिले के मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया।

कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अपने प्रयास सदैव जारी रखें, क्योंकि आपका अधिकार केवल कर्म पर है, फल पर नहीं। जीवन में जितने भी लोग महान बने हैं, वे अपने निरंतर प्रयास और कर्म के बल पर ही आगे बढ़े हैं-चाहे वह महात्मा गांधी हों, डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम हों, माननीय प्रधानमंत्री हों या माननीय मुख्यमंत्री। उन्होंने कहा कि अपनी सफलता का सम्पूर्ण श्रेय स्वयं को न दें, क्योंकि आपकी सफलता आपके गुरु, माता-पिता, सामाजिक एवं आर्थिक परिवेश, तथा राजनीतिक इच्छाशक्ति पर भी निर्भर करती है। गाजियाबाद महानगर के भाजपा जिलाध्यक्ष श्री मयंक गोयल ने प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम में कहा कि यदि आपको सफल होना है तो निरंतर परिश्रम करना आवश्यक है। जीवन में जब आप सफलता प्राप्त कर लें, तो दो बातों को सदैव स्मरण रखें –

अपने राष्ट्र की संस्कृति और भाषा के विकास में योगदान दें। अपने जीवन में नैतिक मूल्यों को बनाए रखें।

बैठक में मुख्य रूप से जिलाधिकारी दीपक मीणा, अयान जैन आईएएस (ट्रेनिंग), भाजपा महानगर अध्यक्ष श्री मंयक गोयल एवं जिला विद्यालय निरक्षक धर्मेन्द्र कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## भारत ने वैश्विक मंच पर बनाई पहचान, अंतिम व्यक्ति को मिला योजनाओं का लाभ









**सत्ता बन्धु**

गाजियाबाद। केंद्र की भाजपा सरकार के 11 वर्षों की ऐतिहासिक उपलब्धियों एवं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में ह्यविकसित भारतह्ल की दिशा में तेजी से बढ़ती राष्ट्रयात्रा को जनसामान्य विशेषकर प्रोफेशनल वर्ग तक पहुंचाने के उद्देश्य से भाजपा महानगर गाजियाबाद द्वारा ह्लप्रोफेशनल मीटह्व (प्रबुद्ध मिलन) कार्यक्रम का भव्य आयोजन जानकी भवन, कविनगर में किया गया।

इस आयोजन की अध्यक्षता भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने की, जबकि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गाजियाबाद सांसद अतुल गर्ग, पूर्व सांसद राजेंद्र अग्रवाल, एवं गाजियाबाद की महापौर सुनीता दयाल उपस्थित रहे।

मुख्य वक्ताओं के विचारः अतुल गर्ग, सांसद प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों में भारत ने न केवल वैश्विक मंच पर अपनी सशक्त पहचान बनाई है, बल्कि देश के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचा है। गरीबों के लिए शौचालय से लेकर आयुष्मान भारत तक, हर योजना ने भारत को सशक्त और स्वाभिमानी राष्ट्र में बदलने का कार्य किया है। राजेंद्र अग्रवाल, पूर्व सांसद-2014 के पहले और बाद के भारत में जमीन-आसमान का फर्क है। ये 11 वर्ष सिर्फ विकास के आंकड़े नहीं, बल्कि एक संकल्पित नेतृत्व और नीति-निष्ठ प्रशासन की प्रेरणादायक कथा है। डिजिटल इंडिया, इनफ्रास्ट्रक्चर बूम, रक्षा आत्मनिर्भरता जैसे क्षेत्रों में ऐतिहासिक क्रांतियां हुई हैं।

सुनीता दयाल, महापौर-गाजियाबाद का शहरी विकास, स्मार्ट सिटी मिशन की प्रगति, स्वच्छ भारत अभियान का प्रभाव झ यह सब प्रधानमंत्री मोदी जी की योजनाओं का ही परिणाम है। मोदी सरकार ने नारी गरिमा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को मजबूती दी है।

श्री मयंक गोयल, महानगर अध्यक्ष-भाजपा केवल सत्ता का माध्यम नहीं, यह सेवा का संकल्प है। 11 वर्षों में केंद्र सरकार ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को केवल नारा नहीं, धरातल पर लागू कर दिखाया है। प्रोफेशनल वर्ग राष्ट्रनिर्माण में अहम भूमिका निभाता है, और इस वर्ग को जोड़ना भाजपा की प्राथमिकता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रोफेशनल्स, डॉक्टर्स, इंजीनियर्स, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, शिक्षक, वकील एवं विभिन्न क्षेत्र के प्रतिष्ठित प्रबुद्ध नागरिकों ने भाग लिया।

इस दौरान मंचासीन नेतागण में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद राजेन्द्र अग्रवाल, सांसद अतुल गर्ग, महापौर सुनीता दयाल, पूर्व महापौर आशु वर्मा, पूर्व अध्यक्ष महेश अग्रवाल, अमर दत्त शर्मा, विजय मोहन, अजय शर्मा, पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री अशोक गोयल, पूर्व विधायक रूप चौधरी, कार्यक्रम संयोजक रनीता सिंह, बॉबी त्यागी, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, विनोद कसाना , गुंजन शर्मा सहित अन्य प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे।



# संपादकीय

## मोबाइल बड़ी बीमारी

बच्चें सोशल मीडिया पर वक्त ज्यादा गुजार रहे हैं, ऑनलाइन गेम्स ने बच्चों की दुनिया ही बदल दी है। अब ये आवाज उठने लगी है कि क्यों न बच्चों के लिए सोशल मीडिया के उपयोग को प्रतिबंधित कर देना चाहिए? टेन के हार्परकॉलिन्स और नीलसन आईक्यू की एक अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट में ऐसे



हीचिन्ताजक तथ्य सामने आये हैं कि बड़ी संख्या में युवा माता-पिता कहानियों की बजाय डिजिटल मनोरंजन को प्राथमिकता दे रहे हैं। पंचतंत्र से लेकर स्नो व्हाइट पिनोकियो जैसी कहानियां अब शेल्फ पर धूल फांक रही हैं। नये बन रहे समाज एवं परिवार में सोशल मीडिया जहर घोल रहा है। स्मार्टफोन बड़ों ही नहीं, बच्चों के हाथ में आ गया है। जवान और बूढ़े ही नहीं छोटे-छोटे बच्चे तक इसके आदी होते जा रहे हैं। व्हाट्सएप, फेसबुक, गेम्स सब कुछ स्मार्टफोन पर होने की वजह से बच्चों और युवाओं में इसकी आदत अब धीरे-धीरे लत में तब्दील होती जा रही है। सोने के समय बच्चों को कहानियां सुनाना या उनके लिए लोरियां गाना कभी पारिवारिक संस्कृति का अहम हिस्सा हुआ करता था। दादी-नानी हों या माता-पिता की सुनाई गई परीकथाएं बच्चों के लिए नींद से पहले की सबसे प्यारी यादें होती थीं। लेकिन अब सोशल मीडिया के आने से इसके बिना बचपन सूना हो रहा है। बच्चे किताबों और खेलकूद के मैदानों से दूर हो रहे हैं। स्क्रीन की नीली रोशनी उनकी आंखों के साथ दिमागी सेहत पर भी बुरा असर डाल रही है। इसके अलावा शारीरिक श्रम एवं रचनात्मकता भी कम हो गई है। यह केवल पश्चिमी देशों की ही नहीं, भारत की भी सच्चाई बन चुकी है। जेन जेड यानी 1996 से 2010 के बीच जन्मे युवा माता-पिता अब इस प्यारी परंपरा से मुंह मोड़ रहे हैं। हालिया शोधों से पता चला है कि अब कहानियां पढ़ना-सुनाना जेन जेड माता-पिता के लिए जिम्मेदारी एवं मनोरंजन नहीं बल्कि एक थकाऊ काम बन गया है। मोबाइल अब केवल बच्चों के लिए ही समस्या नहीं है, बल्कि बड़े भी इसकी चपेट में हैं। यह सिर्फ फोन या मैसेज करने तक ही सीमित नहीं रहा है। ना जाने कितने ही तरह के ऐप्स, व्हाट्सएप, फेसबुक जैसी सोशल मीडिया एप, और गेम्स बड़ो एवं बच्चों को दिन भर व्यस्त रखते हैं। लेकिन अगर मोबाइल के बिना आपको बेचैनी होती है तो समझ जाइये कि आप भी इस एडिक्शन के शिकार होते जा रहे हैं जो आपके लिए चिन्ता की बात है। टेन के हार्परकॉलिन्स और नीलसन आईक्यू की ताजा रिपोर्ट में कहा गया है।

## वरिष्ठ समाजसेवी विकास बंसल के नेतृत्व में मीठे शरबत का किया वितरण



**सत्ता बन्धु**

गाजियाबाद। धर्म यात्रा महासंघ द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अध्यक्ष विकास बंसल के नेतृत्व में जीटी रोड़ स्थित श्री माता वैष्णो मंदिर स्टेशन तिराहे पर गंगा दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। मीठे शर्बत का वितरण भी किया गया।

संस्था के अध्यक्ष विकास बंसल ने बताया कि भगवान की पूजा-अर्चना के बाद प्रातः 11 बजे से मीठे शर्बत का वितरण शुरू हुआ, जो दोपहर बाद तक चलता रहा। हजारों लोगों ने प्रसाद के रूप में मीठा शर्बत ग्रहण किया। संस्था समाज सेवा के साथ धर्म सेवा में भी सबसे आगे रहती है। गंगा दशहरा, निर्जला एकादशी समेत अन्य पर्वो पर भंडारे लगाया जाता है और शर्बत वितरण किया जाता है। जरूरतमंदों की यथा संभव हर प्रकार की सहायता भी की जाती है। विकास बंसल ने कहा कि गंगा दशहरा के दिन मां गंगा का ध्यान करके उनकी पूजा करना व उनके मंत्रों का जाप करना भी लाभकारी होता है। पूजन में जो भी सामग्री प्रयोग करें उनकी संख्या 10 होनी चाहिए। विकास बंसल ने बताया कि संस्था के महामंत्री निपेन्द्र गोस्वामी, सरंक्षक पं. रामदास, कोषाध्यक्ष विवेक अग्रवाल, उपाध्यक्ष नीरज गुप्ता, संजीव बसरा, विपिन अग्रवाल, मदन गोपाल शर्मा, देवांश अग्रवाल, कृष्णा सिंघल, मुकेश कुमार, मंयक बंसल, दिनकर, देवेश, नीरज, रामकुमार, दिनेश शर्मा, संजीव बरनवाल, पुनित जैन, विनोद कुमार ने पूरा सहयोग दिया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक मुकेश गुप्ता ने नूतन आफसेट प्रिंटिंग प्रेस 5 मालीवाड़ा, गाजियाबाद से छपवाकर 'सत्ता बन्धु' कार्यालय 10बी-50/302 द्वितीय मंजिल, ब्रह्ममपुत्र एनक्लेव, सैक्टर-10, सिद्धार्थ विहार, गाजियाबाद से प्रकाशित किया। समाचार पत्र से जुड़े सभी पद अवैतनिक हैं। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र गाजियाबाद होगा। प्रकाशित विचारों से सम्पादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**गाजियाबाद कार्यालय :** 10, द्वितीय मंजिल शंभूदयाल काम्पलैक्स निकट एमएमजी अस्पताल, जी.टी. रोड़ गाजियाबाद

**सम्पादक : मुकेश गुप्ता**

मो0:- 9871202247, 8700943182

**नोएडा कार्यालय :** 'लिटिल हाइट्स' निकट शिव दुर्गा मंदिर, सैक्टर-51 गिझौड़ नोएडा, गौतमबुद्धनगर

**विद्या सागर ( 9811142676 )**

# समाजसेवी सिकंदर यादव ने संत कबीर के प्राकटय दिवस पर भंडारे का आयोजन किया



**सत्ता बन्धु**


गाजियाबाद। सदगुरू सेवा समिति व युवा विकास प्रयास समिति द्वारा सदगुरू साहेब कबीरदास का 628 वां प्राकटय दिवस बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। समाजसेवी सिकंदर यादव के थर्ड बी 52 नेहरूनगर स्थित आवास पर भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा प्रातः 8 बजे से शुरू हुआ और दोपहर 1 बजे तक चला जिसमें शहर भर से आए लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। सिकंदर यादव ने सभी को कबीर दास के 628 वें प्राकटय दिवस की बधाई दी।

उन्होंने कहा कि संत कबीर अंधविश्वास, व्यक्ति पूजा, पाखंड और ढोंग के विरोधी थे। उन्होने भारतीय समाज में जाति और धर्मों के बंधनों को गिराने का काम किया। वे भक्तिकाल के निर्गुण शाखा के ज्ञानमार्गी उपशाखा के महानतम कवि थे। नकी रचनाओं ने उत्तर और मध्य भारत के भक्ति आंदोलन को गहरे स्तर तक प्रभावित किया। कबीर अंधविश्वास, व्यक्ति पूजा, पाखंड और ढोंग के विरोधी थे। उन्होने भारतीय समाज में जाति और धर्मों के बंधनों को गिराने का काम किया। वे भोजपुरी साहित्य के भक्तिकाल के निर्गुण शाखा के ज्ञानमार्गी उपशाखा के महानतम कवि थे। कबीर साहेब को शांतिमय जीवन प्रिय था और वे अहिंसा, सत्य, सदाचार आदि गुणों के प्रशंसक थे। अपनी सरलता, साधु स्वभाव तथा संत प्रवृत्ति के कारण आज पूरे विश्व में उनका सम्मान हो रहा है और लोग उनके बताए मार्ग परी चल रहे हैं।

# महात्मा कबीर के जन्म-दिवस 11 जून 2025 पूर्णिमा पर विशेष

**सत्ता बन्धु**

कई विद्वानों का मत है कि यदि भारत और भारत के लोगों को जानना है, तो संत कबीर को पढ़ें सत्य, सद्भाव, समता, प्रेम की प्रतिमूर्ति, संत शिरोमणि, महान दार्शनिक, बेजोड़ समाज सुधारक, कर्म योगी आजीवन आडंबर, अंधविश्वास, अन्याय के विरोध में संघर्षरत महात्मा कबीर का जन्म व जन्म स्थान रहस्यमय है, किंवदंतियों के अनुसार कहा जाता है कि जेष्ठ पूर्णिमा को बनारस के पास लहरतारा नामक तालाब के किनारे कमल दल पर ओजस्वी बालक की रोने की आवाज सुनकर निसंतान दंपत्ति नीरू, नीमा जो जाति के जुलाहा थे अपने घर ले आकर उनका लालन-पालन कियो बड़े होकर कबीर साहिब भी अपने पुश्तैनी कार्य कपड़ा बुनने में लग गए, जीविकोपार्जन के साथ-साथ आपकी रूचि के अनुरूप अध्यात्म व सामाजिक कार्यों के बारे में चिंतन मनन में लग गयी, चूँकि 600 वर्ष पहले भारत में रूढ़िवाद, जातिवाद, पाखंड चरम पर था, हिंदू-मुस्लिम झगड़े भी देश में व्याप्त थे आपने दोनों समुदायों में पाखंड के विरुद्ध अलख जगाकर सद्भाव, प्रेम, भाईचारा का संदेश दिया आपका चिंतन आज भी मानव जाति के कल्याण के लिए उतना ही प्रासंगिक है जितना पहले, आपने समाज में सहिष्णुता का





संदेश दियो कबीर साहिब ने गुरु रामानन्द से दीक्षा ली लेकिन वे दकियानूसी संत नहीं थे वह मूर्ति पूजा का अनवरत खंडन कर रहे थे वह ज्ञान मार्गी शाखा के संत हैं, ब्राह्मणवादी, जाति व्यवस्था की लीक से हटकर चलें-लीक, लीक कायर चले लीकये चले कपूते बिना लीक तीनो चले, शायर, सिंह, सपूत तू कहता कागद की लेखी मैं कहता आंखों की देखीह्ल

कर्मकाण्डी ब्राह्मणों के बारे में कबीर साहब का कथन है कि मैं अनुभव की बात करता हूं तू झूठ, भ्रम, अंधविश्वास फैलाकर भोली-भाली जनता का शोषण करता है, उन्हें सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा नहीं देताह्ल कबीर साहब के सामने जो जैसी भाषा का प्रयोग करता उसका उत्तर तैयार मिलता थो ह्लकहा जाता है कि वे सिर से पैर तक मस्त मौला, स्वभाव के फक्कड़, आदत से अक्खड़, भक्त के आगे निरीह, भेषधारी के आगे प्रचंड, दिल के साफ, दिमाग से दुरुस्त, भीतर से कोमल, बाहर से कठोर, जन्म से अस्पृश्य, कर्म से वंदनीय हैं कबीर साहब ने न केवल हिंदू धर्म में व्याप्त कुरीतियों पर प्रहार किया, मुस्लिम भाइयों को संदेश दिया उनका कथन है कि-

काकड, पाथर जोड़कर मस्जिद लई बनाये ता चढ़ी मुल्ला बाग दे, क्या बहरा हुआ खुदाय

पाथर पूजे हरि मिले, तो मैं पूजू पहाड़ ताते यह चाकी भली पीस खाए संसार कबीर साहब के बारे में विद्वानों का मत है कि भारत को समझना है तथा सामाजिक समरसता, समतामूलक, धर्मनिरपेक्ष, आडंबररहित, अंधविश्वास मुक्त देश, समाज बनाना है तो कबीर को पढ़ना, समझना आवश्यक है, आज विचारणीय है कि समाज में धोखा, ठगी, लूट, दूसरे के धन का अपहरण, लोभ बढ़ रहा है कबीर साहब कहते हैं कि कबिरा आप ठगाइये, और न ठगिये कोये आप ठगे सुख उपजे, और ठगे दुःख होयह्ल आप अहंकार व दूसरे पर छींटाकशी को बहुत ही निष्कृष्ट मानते थे उनका कथन है कि ह्लकबिरा गर्व न कीजिए, कबहुं न हसिबा कोये अबही नाव समुद्र में, ना जाने का होय

कबीर साहब समाज में अध्यात्म में सबसे अधिक ह्यप्रेमह्ल को माना, उनका कथन है कि ह्लपोथी पढ़-पढ़ जग मुवा, पंडित भया न कोये ढाई आखर प्रेम का, पढ़े सो पंडित होयह्ल आध्यात्मिक जगत में आपने कहा है कि ह्ययह तो घर है प्रेम का, खाला का घर नाये सीस उतारे भुई धरे तब बैठे मन माहि

कबीर साहब पढ़े, लिखे नहीं थे उनका कथन है कि ह्लमसि, कागद छुयो नहीं, कलम गही ना हाथे सुनी. सुनाई ना कहीं, देखन, देखी बातह्ल कबीर की रचनाएं उनके दिए उपदेशों व गाये भजनों से संकलित उनके शिष्यों ने की, उनकी भाषा सधुक्कड़ी है, रमता जोगी, बहता पानी को चरितार्थ किया है, अर्थात उनके उपदेश में जो उन्होंने जिया वही संदेश दिया, डॉक्टर हजारी प्रसाद द्विवेदी ने कहा है कि ह्लकबीर वाणी के डिक्टेटर हैं, भाषा उनके सामने लाचार हो जाती ह, उनमें अरें देकर (बलपूर्वक) अपनी बात मनवाने की अद्भुत क्षमता है कबीर आंतरिक पवित्रता चाहते हैं।

## लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट ने महान संत शिरोमणि कबीरदास की जयंती मनाई



**सत्ता बन्धु**

गाजियाबाद। लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट के संस्थापक/अध्यक्ष समाजवादी चिन्तक राम दुलार यादव शिक्षाविद के नेतृत्व में ज्ञानमार्गी शाखा के महान संत शिरोमणि कबीर साहेब का प्रकटोत्सव ज्ञानपीठ केन्द्र 1, स्वरुप पार्क जी0 टी0 रोड साहिबाबाद के प्रांगण में आयोजित किया गया, कार्यक्रम की अध्यक्षता डा0 देवकर्ण चौहान, सञ्चालन अनिल मिश्र, आयोजन इंजी0 धीरेन्द्र यादव ने किया,

कार्यक्रम में शामिल सभी साथियों ने संत कबीर साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें स्मरण कर समाज में नफरत और असहिष्णुता के वातावरण को दूर कर अज्ञानता के अंधकर को मिटाने और प्रकाश फैलाने का संकल्प लिया, कार्यक्रम को राम प्यारे यादव, विनोद त्रिपाठी, वीर सिंह सैन और चन्द्रबली मौर्य ने भी संबोधित किया, कार्यक्रम में राजेन्द्र सिंह, राज कुमार मिश्र, हुकुम सिंह ने भजन और कबीर साहेब के प्रेरणादायक दोहे सुना सभी को मन्त्र मुग्ध कर दियो

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षाविद राम दुलार यादव ने कहा कि संत कबीर के उपदेश मानव कल्याण के लिए आज भी प्रासंगिक है, उन्होंने मूर्ति पूजा का खंडन, स्वर्ग और नर्क के अस्तित्व का विरोध और तीर्थ, व्रत, स्नान को अज्ञानता, रुढ़िवाद, अन्धविश्वास, अंधश्रद्धा माना, उनका मानना था कि निर्मल मन, प्रेम, भक्ति द्वारा हम मानवता का कल्याण कर सकते है, आज पूरा विश्व अशांत है, भौतिक संसाधनों के बाद भी मानव घोर निराशा में जीवन जीने पर अभिशप्त है, युद्ध की विभीषिका चारों दिशाओं में छाई हुई है, महात्मा कबीर के सन्देश से ही मानवता अन्धकार, अज्ञानता, अन्धविश्वास, पाखंड से मुक्ति पा सकती है, हम आज 21वीं सदी में अँधेरी सुरंग में फंसे रास्ते की तलाश में है, वह रास्ता महात्मा कबीर के ज्ञानमार्ग से मंजिल तक पहुंचा सकता है, उन्होंने सभी धर्मों में व्याप्त कुरीतियों, रुढियों का विरोध किया।

# डेयरी उत्पादों में बढ़ती मिलावट चिंता का विषय : डा. खुराना





**सत्ता बन्धु**

गाजियाबाद। रोटरी क्लब गाज़ियाबाद विकास द्वारा अपने सदस्यों के लिए एक विशेष स्वास्थ्य सेमिनार का आयोजन किया गया। यह आयोजन बदलते मौसम में स्वास्थ्य की देखभाल विषय पर केंद्रित रहा। सेमिनार में इंदिरापुरम, गाज़ियाबाद से आमंत्रित वरिष्ठ जनरल फिजिशियन डॉ. एम. एम. खुराना ने महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। डॉ. खुराना ने बदलते मौसम में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बनाए रखने के सरल उपाय बताए तथा दोबारा फैल रहे कोविड संक्रमण को लेकर घबराने की बजाय सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने डेयरी उत्पादों में बढ़ती मिलावट पर चिंता जताते हुए इनके सीमित उपयोग की भी सलाह दी।

स्वास्थ्य चर्चा के दौरान सदस्यों ने विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं पर प्रश्न पूछे। मोटापे से संबंधित एक प्रश्न के उत्तर में डॉ. खुराना ने बताया कि प्राणायाम व विशेष साँस लेने की तकनीकों से वजन नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि सुबह के समय गहरी साँस लेकर उसे रोक कर ॒ऊँ॒ का उच्चारण करना लाभकारी हो सकता है।

मिटिंग की शुरूआत राष्ट्रगान से हुई। इसके बाद अंजू अग्रवाल द्वारा मनोरंजक खेल ॒राजा, मंत्री, चोर, सिपाही॒ को हाउजी के रूप में प्रस्तुत किया गया, जिसने सभी सदस्यों का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम का संचालन शिखा माहेश्वरी द्वारा कुशलता से किया गया। मुख्य अतिथि का सम्मान राम अवतार जिन्दल द्वारा किया गया।

इस अवसर पर क्लब के अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें विशेष रूप से अशोक अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, पवन गुप्ता, राम अवतार जिन्दल, अनिल गर्ग, संजय अग्रवाल, योगेश गर्ग, विजय जिन्दल, नवीन खुराना, नलिन गोयल, राजीव अग्रवाल, मोतीलाल अग्रवाल, अरविंद गर्ग, विजय अग्रवाल, कुलदीप कोहली, कैलाश गोयल, संजय गर्ग, आनंद प्रकाश, नीरज गुप्ता, सतीश अग्रवाल, कुलदीप रोहतगी, बी.के. बंसल, विनीत कुमार, विकास सिंघल, श्याम कोहली, अर्चना अग्रवाल, उर्मिल अग्रवाल, दिव्या अग्रवाल, कमलेश अग्रवाल, रेखा गर्ग, चंपा जिन्दल, रचना खुराना, आरूषी गोयल, रेनू अग्रवाल, तूलिका गर्ग, वीना अग्रवाल, अंजू कोहली, मनीषा गर्ग, अर्चना गुप्ता, कमलेश, सरोज बंसल, प्रीति सिंह व डिंपल कोहली शामिल रहीं।

यह आयोजन क्लब की जनहित व सेवा भाव की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

# हाई-टेक इंस्टीट्यूट में प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन





**सत्ता बन्धु**

गाजियाबाद। सांस्टोन हाई-टेक इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में मंगलवार को एक भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्रतिभाशाली बच्चों को पुरस्कृत करना और शिक्षा के महत्व को उजागर करना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर विनीत कुमार (भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ, यूपी), संदीप सिक्का, प्रदीप कुमार अग्रवाल और सुधीर अग्रवाल शामिल रहे। अपने शब्दों में उन्होंने शिक्षा के महत्व पर जोर दिया और विशेष रूप से महिलाओं की शिक्षा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में हाई-टेक इंस्टीट्यूट, संस्टोन के सभी शिक्षक और अन्य सदस्य शामिल रहे। लगभग 600 से 700 से अधिक स्कूलों के बच्चे अपने शिक्षकों और प्रिंसिपल के साथ इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इनमें ब्रह्म देवी स्कूल, सेवेंथ डे एडवेंटिस्ट, कमला अग्रवाल स्कूल, DAV कॉलेज, TPS इंटर कॉलेज, दीवान पब्लिक स्कूल, बाबा रामदास इंटर कॉलेज, रउट इंटर कालेज व अन्य शामिल रहे। विजेता छात्रों में शामिल रहे हार्दिक गुप्ता - दीवान पब्लिक स्कूल, मनन गर्ग - गुरुकुल द स्कूल, हर्षी अग्रवाल, अंशिका कुमारी,अंशिका बंसल, सुहानी, लक्ष्मी, अक्षित जिनको पुरस्कृत किया गया साथ ही शिक्षकों, प्रिंसिपल्स को भी पुरस्कृत किया गया और विनीत कुमार जी ने बच्चों को आगे बढ़ने का हौसला दिया व शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने शिक्षा के विभिन्न पाठ्यक्रमों के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्रतिभाशाली बच्चों को प्रोत्साहित करना और उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना था साथ ही रोजगार के अवसर क्या है छात्रों के लिए, आगे चलकर वह किस तरह अच्छी नौकरियों पा सकते है इसपर भी अपने विचार रखें। संस्टोन हाईटेक के इस आयोजन में उपस्थित सभी लोगों ने इस आयोजन की सराहना की और इसे सफल बनाने के लिए आयोजकों को बधाई दी।

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने एमएमजी हॉस्पिटल महिला वार्ड में फल वितरण कर मनाया सेवा संकल्प दिवस



**सत्ता बन्धु**

गाजियाबादः अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, गाजियाबाद इकाई द्वारा 9 जून को पूरे प्रदेश में मनाये गये सेवा संकल्प दिवस के अंतर्गत एमएमजी हॉस्पिटल की महिला वार्ड में महिलाओं को ताजे फल वितरण कर समाज सेवी पहल की गई। इस पुण्य कार्य में जिला अध्यक्ष एवं मेरठ मंडल प्रभारी संदीप बंसल, महानगर अध्यक्ष संजय बिंदल, वरिष्ठ व्यापारियों दीपक गर्ग, संजय गुप्ता, जगमोहन, जॉन, सोनू सैनी, इमरान रिजवान ठाकुर, नरेश कुमार, सुंदरलाल सहित अनेक व्यापारजनों ने सहयोग किया। कार्यक्रम के विषय में संदीप बंसल ने बताया, सेवा संकल्प दिवस के माध्यम से हम समाज के प्रत्येक वर्ग तक स्वास्थ्य-सचेतना और समर्थन पहुंचाने का प्रयास करते हैं। महिलाओं को पौष्टिक फल वितरण कर हमें अत्यंत प्रसन्नता हुई। एमजी हॉस्पिटल की सीएचएस डॉक्टर अलका शर्मा और मैनेजर त्रिशा ने भी इस आयोजन में सहभागिता की। उन्होंने कहा, व्यापारियों की इस पहल से महिला रोगियों का मनोबल बढ़ा है। हमें ईमानदारी और सामूहिक प्रयास की यही भावना देश को स्वस्थ एवं सशक्त बनाने में मार्गदर्शक सिद्ध होगी। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, भविष्य में भी इसी तरह के सामाजिक कल्याण कार्यक्रम आयोजित कर निरंतर सेवा की परंपरा को आगे बढ़ाता रहेगा।

# आरकेजीआईटी कॉलेज में हुआ वालीबॉल चैंपियनशिप का शानदार आयोजन



**सत्ता बन्धु**

गाजियाबादः राजकुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (RKGIT) ने अपने 25 वर्षों की उत्कृष्टता के उपलक्ष्य में आरकेजी ओपन वॉलीबॉल टूनार्मेंट का आयोजन अत्यंत उत्साह और भव्यता के साथ किया। इस रोमांचक प्रतियोगिता में देहरादून, दिल्ली, मेरठ, मुजफ़्फ़रनगर एवं अन्य आस-पास के क्षेत्रों से 20 टीमों ने भाग लेकर टूनार्मेंट की गरिमा को बढ़ाया।

संस्था के वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल ने सभी खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की। ॒ऐसे आयोजनों के माध्यम से छात्रों को न केवल तकनीकी शिक्षा, बल्कि जीवन मूल्यों और नेतृत्व क्षमता से भी समृद्ध कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में कुलवंत बालियान- फाउंडर ऑफ आदियोगी स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड,फाउंडर यूपीपीवीएल एवं रोहित राणा इंटरनेशनल वॉलीबॉल प्लेयर ने ने फीता काट कर टूनार्मेंट का आगाज किया।

कार्यक्रम के दौरान आरकेजी ग्रुप एडवाइजर डॉ लक्ष्मण प्रसाद ने विशिष्ट अतिथियो को सम्मानित करने के साथ-साथ खिलाड़ियों को भी खूब प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का आयोजन एसएसी चेयरमैन आलोक त्यागी के नेतृत्व में बहुत ही सकुशल तरीके से किया गया। डॉ सुधीर शर्मा एवं डॉ राजेश मिश्रा ने अपनी उपस्थिति से टूनार्मेंट अनुशासन और खेल भावना को बनाए रखने का इंतजाम बहुत ही कुशलता से किया।

# महंत मछेन्द्रपुरी महाराज का 21 दिवसीय अग्नि तप हुआ संपन्न





**सत्ता बन्धु**

गाजियाबाद। श्री शिव मन्दिर बालाजी धाम के महंत एवं हिन्दू क्रान्तिकारी सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मछेन्द्रपुरी महाराज द्वारा किया गया 21 दिवसीय अग्नि तप (ग्यारह धुनी) रविवार को भोग व भंडारा के साथ संपन्न हुआ।

बता दें कि जन कल्याण और विश्व शांति के लिए श्री पंचायती अखाड़ा महानिवार्णी के श्री श्री 1008 श्री महंत रविन्द्र पुरी महाराज के शिष्य हटयोगी बाबा मछेन्द्रपुरी महाराज द्वारा 19 मई से 8 जून तक 21 दिवसीय अग्नि तपस्या श्री शिव मन्दिर बालाजी धाम हिण्डन विहार पर की गई थी। मछेन्द्रपुरी महाराज द्वारा प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक चारों ओर उपलों की धुनी जलाकर तप किया। रविवार को भंडारे के साथ अग्नि तप का समापन किया गया। इस अवसर पर धाम के उप महंत ब्रहनन्दपुरी महाराज, शहर विधायक संजीव शर्मा, अर्जुन संदेश समाचार पत्र के संपादक अर्जुन नागर, भाजपा के वरिष्ठ नेता एडवोकेट शरद शर्मा, मोहित सोलंकी, अजय राजा वत्स, जीत सोलंकी, सोमवीर ठाकुर, अंकित ठाकुर, हर्ष त्यागी, कमल सिंह, शिवम आदि उपस्थित रहे।

# महानगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रामप्रसाद बिस्मिल, अब्दुल कलाम की जयंती मनाई



**सत्ता बन्धु**

गाजियाबादः महानगर कांग्रेस कमेटी कार्यालय कंपनी के बाद में स्वतंत्रता सेनानी श्री रामप्रसाद बिस्मिल जी और देश के प्रथम शिक्षा मंत्री श्री अबुल कलाम आजाद जी की जयंती पर एवम्‌ पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व० श्री राजेश पायलट जी की पुण्यतिथि पर महानगर कांग्रेस कार्यालय में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया । महानगर कांग्रेस कमेटी कार्यालय, कम्पनी बाग मे इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर कांग्रेस अध्यक्ष वीर सिंह जाटव ने कि।

कार्यक्रम के दौरान कार्यकताओं ने अबुल कलाम आजाद जी, पंडित राम प्रसाद बिस्मिल और स्व० राजेश पायलट जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए वीर सिंह जाटव ने कहा, मौलाना आजाद केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि एक महान शिक्षाविद् और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। उनकी शिक्षा के प्रति दूरदृष्टि ने आज के भारत की नींव रखी।

कार्यक्रम में अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सलीम अहमद ने भी मौलाना आजाद को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा, ₹हम उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए यह संकल्प लेते हैं कि देश के वंचित और पिछड़े वर्ग के बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ेंगे।

इस अवसर पर कोर्डिनेटर नरेश कुमार भाटी, एससी एसटी विभाग महानगर अध्यक्ष आशीष प्रेमी, एडवोकेट चंद्रपाल, बिनोद कुमार जाटव,दीपक मोंगे,शमशूदीन सैफी , बिनोद कुमार शर्मा, आबिद चौहान,डा एल एन शर्मा, श्रीचंद दिवाकर, गोपाल भाटी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सभी ने मौलाना आजाद जी के योगदान को याद करते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

# शहर विधायक संजीव शर्मा का वीरेंद्र कंडेरे ने किया अभिनंदन



**सत्ता बन्धु**

गाजियाबाद। भाजपा नेता वीरेंद्र कंडेरे ने अपने साथियों साथ शहर विधानसभा के विधायक संजीव शर्मा को पटका पहना कर अभिनंदन किया। शहर विधायक संजीव शर्मा ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर विधानसभा गाजियाबाद के विकास के लिए खाका खींचा। श्री शर्मा शहरहित में अनेक परियोजना की सौगात लेकर आए हैं।

इसलिए विधायक संजीव शर्मा का शहरवासियों की तरफ से पटका पहना कर धन्यवाद व्यक्त किया गया।

# राष्ट्रीय व्यापार मंडल द्वारा आधार कार्ड व नि:शुल्क आँखों की जांच का कैम्प लगाया




**सत्ता बन्धु**

गाजियाबादः राष्ट्रीय व्यापार मंडल द्वारा डाक विभाग के सहयोग से जगन्नाथ फार्म हाउस न्यू वॉटर टैंक, डीएलएफ, एसएलएफ, वेद विहार, लोनी, गाजियाबाद पर आधार कार्ड कैंप तथा श्रेया आई सेंटर इंदिरापुरम की तरफ से आंखों की मुफ्त जांच की व्यवस्था की गई

इस कैंप में 18 वर्ष की आयु तक के नए आधार कार्ड बनवाए गए तथा प्रत्येक उम्र के व्यक्ति के आधार कार्ड में सुधार एवं संशोधन किया गया कार्यक्रम का उद्घाटन गाजियाबाद के माननीय सांसद श्रीमान अतुल गर्ग ने किया तथा मुख्य अतिथि ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम की सराहना करते हुए क्षेत्र की जनता से राष्ट्रीय व्यापार मंडल द्वारा आयोजित कैंपों का लाभ उठाने की अपील की कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष एवं ब्राह्मण समाज के नेता हिमांशु शर्मा के संयोजन में हुआ कार्यक्रम में ठाकुर दिलीप सिंह, अंकित पंडित सहित अनेक युवा साथियों ने कार्यक्रम में सारी व्यवस्था बनाने में अपना योगदान दिया कार्यक्रम में राष्ट्रीय व्यापार मंडल के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित अशोक भारतीय व रिटायर आई ए एस ओमवीर वीरवाल ने अतिथि के रूप में उपस्थित रहकर कार्यक्रम को एक भव्य रूप दिया। बालकिशन गुप्ता जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय व्यापार मंडल के आह्वान पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा भाजपा श्री आर एन त्यागी पूर्व महानगर अध्यक्ष युवा मोर्चा संजय कुशवाहा पूर्व नगर अध्यक्ष भाजपा सर्वेश शर्मा भाजपा जिला मंत्री डॉक्टर सुदेश भारद्वाज राम अवतार शर्मा कुलदीप सोलंकी सत्यम पंडित रविंद्र शर्मा हंस कुमार जैन जयप्रकाश शर्मा कृष्ण कुमार सम्राट पृथ्वी सिंह अंकित पंडित मुकेश कश्यप अंकित गुप्ता रवि शर्मा विजय गोला प्रशान्त झा संजय प्रेमी आदि उपस्थित थे।

# सेवा के क्षेत्र में एक उदाहरण बन चुके हैं डॉ सुभाष गुप्ता



**सत्ता बन्धु**

गाजियाबाद। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के सभापति के रूप में डॉ सुभाष गुप्ता समाजसेवा का एक ऐसा चेहरा बन चुके हैं, जो न केवल प्रेरणा हैं बल्कि सेवा के क्षेत्र में एक उदाहरण भी हैं। उनका मानना है कि सहयोग करना सबसे बड़ा पुण्य है और इस विश्वास को वे अपने कार्यों में पूरी ईमानदारी से उतारते हैं। उनका प्रत्येक कदम मानवता के लिए समर्पित है।

चाहे वह रक्तदान शिविरों का आयोजन हो, आपदा पीड़ितों की मदद या फिर जरूरतमंदों तक चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाना हर मोर्चे पर वे आगे नजर आते हैं। वे मानते हैं कि अगर आपके मन में यह विचार उठता है कि आप किसी के काम आ सकते हैं, तो यह विचार ही सेवा का पहला कदम होता है। उनकी यही सोच उन्हें भीड़ से अलग बनाती है। वे केवल उपदेश नहीं देते, बल्कि अपने कर्मों से उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। आज जब अधिकांश लोग अपने लाभ की सोच में उलझे हैं, ऐसे समय में उनके जैसे लोग यह सिद्ध करते हैं कि पुण्य कार्यों से ही समाज का उत्थान संभव है। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के अंतर्गत वे निरंतर जनसेवा की योजनाएं चला रहे हैं और लोगों को जोड़ रहे हैं। उनकी सेवा भावना आज हर युवा और नागरिक के लिए एक मिसाल है। उनका जीवन यह सिखाता है कि समाज को बदलने के लिए केवल एक व्यक्ति की सोच और समर्पण ही काफी हो सकता है।

# अधिवक्ताओं ने एडीएम विकास कश्यप से मुलाकात कर दी बधाई



**सत्ता बन्धु**

गाजियाबाद। बार एसोसिएशन गाजियाबाद के चेंबर नंबर-3 न्यू बिल्डिंग के समस्त स्टॉफ ने एडीएम विकास कश्यप से मुलाकात कर पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई दी। सम्मान से अभिभूत एडीएम विकास कश्यप ने सभी अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी की सेवा के लिए वह सदैव तत्पर रहेंगे। स्वागत करने के दौरान अनिल कश्यप एडवोकेट, सुरेंद्र सिंह एडवोकेट, प्रमोद कुमार एडवोकेट, अतुल कश्यप एडवोकेट, संजय कश्यप एडवोकेट आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा जिला मुख्यालय पर लगी 11 वर्ष के कार्यकाल पर प्रदर्शनी





**सत्ता बन्धु**

गाजियाबाद। केंद्र में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों को रेखांकित करती हुई एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन आज भाजपा जिला महानगर मुख्यालय, नेहरू नगर गाजियाबाद में भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन गाजियाबाद के सांसद आदरणीय श्री अतुल गर्ग जी एवं महापौर सुनीता दयाल ने किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि यह प्रदर्शनी मोदी सरकार के ऐतिहासिक कार्यकाल की विकास यात्रा को दशार्ने का एक प्रयास है। प्रदर्शनी में 65 वर्ष बनाम 11 वर्ष की तुलना के माध्यम से स्पष्ट किया गया है कि किस प्रकार केंद्र सरकार ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के मंत्र के साथ देश को एक नई दिशा दी है।

इस प्रदर्शनी में केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं झ उज्ज्वला, आयुष्मान भारत, जन धन, पीएम आवास योजना, हर घर जल, डिजिटल इंडिया, स्वच्छ भारत, Startup Indiaजैसे कार्यक्रमों की प्रगति और उनके प्रभाव को रोचक तरीके से प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही, ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए सेना के शौर्य, पराक्रम और भारत के नेतृत्व की निर्णायक भूमिका को भी प्रमुखता दी गई। यह ऑपरेशन प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लिए गए साहसिक और प्रभावशाली निर्णयों का प्रतीक बताया गया।

इस अवसर पर महापौर श्रीमती सुनीता दयाल ने कहा कि ह्लप्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने हर क्षेत्र में असाधारण प्रगति की है।

यह प्रदर्शनी न केवल उपलब्धियों को रेखांकित करती है, बल्कि युवाओं को प्रेरित करती है कि वे भी इस विकसित भारत की यात्रा में सहभागी बनें। प्रदर्शनी के दौरान एमएलसी दिनेश गोयल, भाजपा महानगर अध्यक्ष श्री मयंक गोयल, जिलाध्यक्ष श्री चैनपाल सिंह, महामंत्री सुशील गौतम, रनीता सिंह, गौरव चोपड़ा, विनोद कसाना, गुंजन शर्मा, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी सहित अनेक कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। भाजपा का यह आयोजन विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने की दिशा में जनजागरण का एक प्रभावशाली प्रयास है।

# सिविल डिफेंस द्वारा टीबी क्षय रोगियों को पुष्टाहार किट का वितरण किया




**सत्ता बन्धु**

गाजियाबादः उत्तर प्रदेश सरकार की टी.बी. पुष्टाहार किट योजना के अंतर्गत सिविल डिफेंस गाजियाबाद द्वारा चीफ वार्डन ललित जायसवाल और डिप्टी कंट्रोलर रविंद्र प्रताप जी के नेतृत्व में संयुक जिला चिकित्सालय संजय नगर में 50 टी. बी. पुष्टाहार किट का वितरण मुख्य अतिथि डॉ० अखिलेश मोहन (मुख्य चिकित्सा अधिकारी) एवं डॉ अमित विक्रम (अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी) गाजियाबाद के कर कमलों द्वारा किया गया।

इस कार्यक्रम में डॉ अनिल यादव जिला श्रय अधिकारी ,डॉ नेहा गोस्वामी,डॉ दीपाली गुप्ता एवं ठळएढ स्टाफ व सिविल डिफेंस से हर्ष वर्मा डिविजनल वार्डन आरक्षित, दीपक अग्रवाल स्टाफ ऑफिसर फायर टू चीफ वार्डन, सुधीर कुमार ,रमाकांत यादव ,संजय खन्ना ,नवनीत कुमार संध्या त्यागी ,नेहा सेनी अनिल अग्रवाल , का कुमार आदि अनेकों सिविल डिफेंस के वार्डन ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग किया तथा विशेष सहयोग गुलाम नबी प्रभारी मुख्यालय/ सहायक उप नियंत्रक द्वारा किया गया।

# लगाए गए पौधों की दीर्घकालिक देखभाल और संरक्षण की जिम्मेदारी निभाएं : सत्येन्द्र सिंह





**सत्ता बन्धु**

गाज़ियाबाद। विश्व पर्यावरण दिवस पर इंडियन काउंसिल ऑफ इंडस्ट्रियल मैनेजमेंट (आईसीआईएम) ने पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति अपनी गहरी प्रतिबद्धता को दोहरायी। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों, संस्थानों और उद्योगों से अपील की है कि वे केवल औपचारिक वृक्षारोपण तक सीमित न रहें, बल्कि लगाए गए पौधों की दीर्घकालिक देखभाल और संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभाएं। इंडियन काउंसिल ऑफ इंडस्ट्रियल मैनेजमेंट ने पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति अपनी गहरी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए आईसीआईएम के चेयरमैन सत्येन्द्र सिंह ने स्पष्ट किया कि भारत की भौगोलिक और जलवायु परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए पौधारोपण का सही समय चुनना अत्यंत आवश्यक है। वे स्वयं औद्योगिक क्षेत्र में पर्यावरणीय ज़िम्मेदारियों के लिए जाने जाते हैं। इसलिए उनका दायित्व और भी बढ़ जाता है।

उन्होंने कहा कि पौधे लगाना एक सराहनीय पहल है, लेकिन यदि उनकी देखभाल न हो हमारी यह कोशिश केवल फोटो खिंचवाने तक सिमट कर रह जाती है। पर्यावरण सेवा की सच्ची भावना तभी है जब हम लगाए गए पौधों को बड़े होने तक संजोएं रखें। विश्व पर्यावरण दिवस की घोषणा वर्ष 1972 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा की गई थी। यह दिवस अब पर्यावरणीय जागरूकता और वैश्विक आउटरीच का सबसे बड़ा माध्यम बन चुका है। लेकिन श्री सिंह ने ध्यान दिलाया कि भारत में जून, विशेषकर इस माह के प्रथम व द्वितीय सप्ताह, पौधारोपण के लिए उपयुक्त नहीं होता क्योंकि इस समय मानसून पूरी तरह सक्रिय नहीं होता। पौधारोपण का उत्तम समय जुलाई मेंगुरु पूर्णिमा से आरंभ होता है, जब वर्षा की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध होती है। आईसीआईएम का मानना है कि पौधारोपण केवल प्रतीकात्मक नहीं होना चाहिए, बल्कि उसे संरक्षण के वचन के साथ जोड़ा जाना चाहिए। हर पौधा रोपणकर्ता को कम से कम तीन वर्षों तक पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी स्वयं लेनी चाहिए। पौधो की अनदेखी के कारण लगाए गए 60 से 70% पौधे पहले वर्ष में ही सूख जाते हैं। आईसीआईएम ने हैंडल विद केयर नीति अपनाने की अपील की है, जिसके तहत हर पौधे की निगरानी, सिंचाई और सुरक्षा सुनिश्चित की जाती है।

आईसीआईएम चेयरमैन का कहना है कि पर्यावरण प्रेमियों को चाहिए कि वे जून में जागरूकता गतिविधियों के लिए सेमिनार, कार्यशालाएं एवं संगोष्ठियाँ आयोजित कर पर्यावरण संरक्षण की चर्चा करें। औद्योगिक प्रतिष्ठानों को ग्रीन ज़िम्मेदारी शपथ दिलवाई जाए। आईसीआईएम के चेयरमैन सत्येन्द्र सिंह के नेतृत्व में औद्योगिक पर्यावरणीय उत्तरदायित्व को बढ़ावा देने वाला एक अग्रणी संगठन बन चुका है। यह उत्तर प्रदेश सरकार से औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रशिक्षण हेतु मान्यता प्राप्त है और विभिन्न मंत्रालयों के साथ मिलकर उरफ आधारित पर्यावरणीय परियोजनाओं पर कार्य करता है।

# वैश्य एकता समिति गाजियाबाद का 85वां मासिक परिचय सम्मेलन आयोजितः प्रेमचंद गुप्ता



**सत्ता बन्धु**

गाजियाबाद :- वैश्य एकता समिति गाजियाबाद द्वारा रविवार को दुर्गा वाशिंग पाउडर परिसर, पारस होटल के पीछे, अम्बेडकर रोड, कालकागढ़ी चौक, गाजियाबाद पर विवाह योग्य वैश्य युवक युवतियों एवं समाज के अन्य वर्ग हेतु 85वां मासिक परिचय सम्मेलन समिति के अध्यक्ष प्रेमचंद गुप्ता ;चेयरमैन दुर्गा वाशिंग पाउडरद्ध के सौजन्य से आयोजित किया गया। समिति के अध्यक्ष ने सभी प्रत्याशियों, अभिभावको, परिचयकताओं एवं आयोजन में उपस्थित समाजसेवियों व पत्रकार बंधुओं का अभिनंदन किया। उन्होने कहा कि आप सभी के सहयोग के कारण यह सम्मेलन हर माह सफलतापूर्वक आयोजित हो रहा है एवं प्रत्येक माह 55-60 नये रजिस्टेशन फार्म का सहयोग सदैव मिलता रहा है तथा 14-15 रिश्ते भी तय हो जाते हैं, इसके लिए उन्होने सभी का धन्यवाद अर्पित किया।

समिति द्वारा विवाह योग्य वैश्य युवक युवती हेतु परिचय सम्मेलन के साथ-साथ ब्राह्मण एवं अन्य वर्ग के युवक एवं युवती हेतु भी सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। महासचिव व संयोजक अजय कुमार गोयल ने सभी प्रत्याशियों का मंच के माध्यम से परिवार सहित परिचय कराया।

उन्होने बताया कि इस माह परिचय सम्मेलन में 37 नये प्रत्याशियों के पंजीकरण हुए एवं पत्रिका में पूर्व पंजीकृत प्रत्याशियों से सम्पर्क करने पर 14 प्रत्याशियों के वैवाहिक सम्बन्ध तय होने की जानकारी प्राप्त हुई है जो कि समिति के लिए बहुत ही हर्ष का विषय है, उन्होने कहा कि यह कार्य प्रेमचंद गुप्ता के मार्गदर्शन व सभी पदाधिकारियों एवं अभिभावकों के सहयोग से सम्भव हो पाया है। समारोह में उपस्थित युवती प्रत्याशियों द्वारा मंच पर परिचय देने के उपरांत उन्हें पुरूस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। पत्रिका के संपादन का कार्य अनुराग अग्रवाल के द्वारा बहुत कम समय में तैयार किया गया

सम्मेलन को सफल बनाने में अध्यक्ष प्रेमचंद गुप्ता, अजय कुमार गोयल, अनुराग अग्रवाल, बुद्वगोपाल गोयल, राकेश मित्तल, बी एन अग्रवाल, नीरू अग्रवाल, अतुल आनन्द गुप्ता, राजीव अग्रवाल, अमिता गोयल, सतीश गुप्ता तथा महेन्द्र गुप्ता, लक्ष्मी नारायण सिंघल, राधारमण अग्रवाल, राजेश गुप्ता आदि पदाधिकारियों का विशेष सहयोग रहा।

# सपा ने शाहनवाज को गाजियाबाद सदर विधानसभा का अध्यक्ष बनाया




**सत्ता बन्धु**

गाजियाबादः समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय श्री अखिलेश यादव जी की स्वीकृति से प्रदेश अध्यक्ष श्री श्यामलाल लाल पाल द्वारा श्री शाहनवाज पुत्र श्री अनवार खान, मकान न.2326 गली न.8 इस्लाम नगर गाजियाबाद को वीरेंद्र सिंह(बबल बैंसला)के स्थान पर गाजियाबाद सदर विधानसभा का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

आज दिनांक 10 जून 2025 को समाजवादी पार्टी कार्यालय आर .डी.सी 4 जनपद गाजियाबाद पर जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन व महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव द्वारा शाहनवाज को मनोनयन पत्र सौंपा ।इस अवसर पर...

जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट जिला महासचिव नितिन त्यागी महानगर महासचिव राजन कश्यप प्रदेश महासचिव महिला सभा मधु चौधरी लोहिया वाहिनी जिला अध्यक्ष असलम कुरैशी प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ ताहिर हुसैन कृष्ण कुमार यादव जिला सचिव साजिद सैफी निसार कसार अकरम प्रधान खालिद बुखारी अत्ताउल्लाह खान रिजवान चौधरी नवीन कुमार शर्मा राहुल रावत कार्यालय प्रभारी आदि लोग उपस्थित रहे।

# खाद्य सुरक्षा अधिकारी मोनिका गुप्ता ने सरसों के तेल की जांच की



**सत्ता बन्धु**

गाजियाबाद। एक सप्ताह पूर्व फर्म श्रीजी स्पेलर पटेल नगर जनपद गाजियाबाद से शिकायतकर्ता अंकित, निवासी शिब्बनपुरा द्वारा पीली सरसों का तेल खरीदा गया था, जिसकी गुणवत्ता को लेकर के शिकायत किए जाने पर क्षेत्रीय खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती मोनिका गुप्ता द्वारा संबंधित फर्म पर कार्यवाही करते हुए सरसों के तेल का नमूना संग्रहित किया गया तथा लगभग 50 किलोग्राम सरसों के तेल का स्टॉक सीज कर दिया गया है। जिसकी कीमत 12500 है। संग्रहित नमूने को खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है एवं तत्संबंध में जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम विधि कार्रवाई की जाएगी।

# 8वीं बटालियन एनडीआरएफ द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस उत्साहपूर्वक मनाया



**सत्ता बन्धु**

गाजियाबादः विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 8वीं बटालियन, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (NDRF) द्वारा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इस अवसर पर बटालियन के बचावकर्मियों के साथ-साथ उनके परिवारों ने भी बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस उपलक्ष्य में वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत बटालियन परिसर एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में सैकड़ों पौधे रोपे गए। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखना।

# विधायक संजीव शर्मा ने की निशान कंपनी की नई गाड़ी लॉन्च



**सत्ता बन्धु**

गाजियाबाद। महानगर की अंबेडकर रोड पर स्थित निशान कंपनी के शोरूम पर नई गाड़ी की लॉन्चिंग की गई। नई गाड़ी की लॉन्चिंग शहर विधायक संजीव शर्मा ने फीता काटकर की। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल के क्षेत्रीय महासचिव अरुण चौधरी भुल्लन, हिमांशु पाराशर, शीतल चौधरी, मोहित ठाकुर, गुड्डू हसनपुर, धर्मेंद्र चौधरी, विक्रांत चौधरी, अभिषेक मनु एमडी, अभिलाष, मुनेश, गौरव करोठिया आदि उपस्थित रहे।